Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year-** 17 **Issue-** 39
Ghaziabad, Sunday, 22 February- 2026

22 February to 28 February- 2026

**Page:** 8

**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.in

Email: editor@tbam.co.in

Page 2

Page 5

Page 8


# आरएचएएम फाउंडेशन (रहम) एवं डिस्ट्रक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन का जनस्वास्थ्य अभियान, 25 टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरित

**मनीषा भार्गव**







**नोएडा।** आरएचएएम फाउंडेशन (रहम) एवं डिस्ट्रक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से एक महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व रोटरी क्लब दिल्ली प्रीत विहार द्वारा किया गया। सहयोगी क्लबों में रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफ्रन, इंदिरापुरम गैलोर, इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद सनरेज, गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, दिल्ली लेगेसी, सोनीपत एजुकेशन सिटी, हापुड़ एलीट और हापुड़ प्लेटिनम शामिल रहे। कार्यक्रम का आयोजन सीएमओ आफिस नोएडा में किया गया, जहाँ 25 टीबी (क्षय रोग) मरीजों को पोषण आहार वितरित किया गया। इस पहल का उद्देश्य उपचार के दौरान मरीजों को आवश्यक पोषण उपलब्ध कराना, उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना तथा शीघ्र स्वस्थ होने में सहायता करना है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. आर. पी. सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही लल्लन यादव, पवन भाटी, कमल, विक्रम तथा विभिन्न रोटरी क्लबों के सदस्य एवं स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. धीरज के. भार्गव, चेयरमैन एवं फाउंडर, आरएचएएम फाउंडेशन ने बताया कि अब तक लगभग 3600 टीबी मरीजों को पोषण आहार के माध्यम से सहायता प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यह मासिक परियोजना निरंतर संचालित की जा रही है और भविष्य में इसे और अधिक व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा। डॉ. भार्गव ने स्पष्ट किया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य नोएडा को टीबी मुक्त बनाना है, जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग, रोटरी क्लबों एवं सामाजिक संगठनों के बीच सतत सहयोग अत्यंत आवश्यक है। अपने संबोधन में डॉ. आर. पी. सिंह (DTO) ने मरीजों को सलाह दी कि वे अपनी दवाइयाँ लगातार छह महीने तक बिना किसी अंतराल के नियमित रूप से लें। दवा में लापरवाही से बीमारी पुनः गंभीर रूप ले सकती है तथा ड्रग रेसिस्टेंस की समस्या उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने पोषण आहार के महत्व पर भी विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी रोटरी क्लबों, आरएचएएम फाउंडेशन के सदस्यों एवं स्वास्थ्य अधिकारियों ने एकजुट होकर टीबी मुक्त नोएडा के लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प लिया और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# मोहन मीकिन लिमिटेड ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, 425 मरीजों ने लिया लाभ




**धीरज भार्गव**

**गाजियाबाद।** मोहन मीकिन लिमिटेड ने अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (उरफ) पहल के तहत नरेन्द्र मोहन पॉलीक्लिनिक में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में कुल 425 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर के दौरान मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया। उपस्थित चिकित्सकों में डॉ. सुमित एवं डॉ. हीना सिंह शामिल रहीं, जिन्होंने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक सलाह प्रदान की। मरीजों को जांच के उपरांत निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर इस पहल की सराहना की।

कंपनी प्रबंधन ने बताया कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मुरादनगर में निःशुल्क प्रशिक्षण का सुनहरा अवसर

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मुरादनगर के प्रधानाचार्य ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि संस्थान में Usha International Ltd. के सहयोग से Usha Multi-Skilled Technician Training Program के अंतर्गत 20 दिवसीय शॉर्ट टर्म रोजगारपरक व्यावसायिक कोर्स प्रारंभ किए जा रहे हैं।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 फरवरी 2026 से शुरू होगा, जिसमें कुल 25 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कोर्स के अंतर्गत होम अप्लायंसेज जैसे फैन, आयरन, गीजर, कूलर, मिक्सर ग्राइंडर आदि की मरम्मत एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह शॉर्ट टर्म कोर्स पूर्णतः निःशुल्क है। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम योग्यता आईटीआई (इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फिटर, वायरमैन) उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयन प्रक्रिया पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगी।

प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर Usha International Ltd. द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा तथा अभ्यर्थियों को कंपनी के सर्विस सेंटरों पर लगभग 18,000 से 20,000 प्रतिमाह वेतन पर सेवायोजित किए जाने का अवसर मिलेगा।

इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण अवधि के दौरान निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की जाएगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर लगभग 10,000 मूल्य की टूल किट भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे प्रशिक्षार्थी स्व-रोजगार भी प्रारंभ कर सकें।

इच्छुक अभ्यर्थियों से समय रहते आवेदन करने की अपील की गई है।

# Editorial

## Rewadi Khata Khata, Vote Quickly

A judicial bench headed by Chief Justice Surya Kant of the Supreme Court has issued a scathing remark on "freebies," or "rewadis," expressing concern that they will hinder the country's economic development. Questions have also been raised as to why political parties and governments announce freebies just before elections. Many state governments are facing heavy debt and losses, yet why are they distributing freebies? If governments continue to distribute freebies, such as free money, free electricity, and free food, who will bear the costs? The Chief Justice has stated that the burden of distributing freebies will ultimately fall on taxpayers. If "rewadis" continue to be distributed, who will work? What kind of culture are we creating? Governments should focus more on job creation rather than "freebies." If someone cannot afford education and basic living expenses, it is the government's responsibility to provide them with facilities. However, the "freebies" are going into the pockets of those who are enjoying themselves. Shouldn't governments pay attention to this? However, the Supreme Court has made a verbal comment, and political party spokespersons are claiming they are not bound to obey the Supreme Court. These are not "freebies," but welfare schemes. We are a welfare democracy, and it is our duty to help the public. Therefore, with apologies, we also ask the Supreme Court: why does it make verbal comments? What good is merely expressing concern? The Constitution has granted the Supreme Court special privileges, and the court has used them to issue judgments. So, why can't orders be issued against freebies? The court should give clear instructions to governments regarding when to announce schemes before elections. It should also define "freebies." The reality is that the country's states have a total debt of over ₹104 lakh crore. The country also has a debt of ₹200.50 lakh crore. Some experts estimate it to be closer to ₹225 lakh crore. Despite this, freebies are being distributed. Prime Minister Modi has stated on numerous occasions that the common man does not seek freebies. Freebies are dangerous for the country's development and can destroy the economy. Despite these statements, the Prime Minister-led NDA distributed freebies worth ₹10,000 each to women in Bihar and secured a significant number of votes. Bihar is in debt of ₹3.61 lakh crore. It was under the Prime Minister's leadership that the strategy of distributing freebies quickly would garner votes.

**Manisha Bhargava**

# Press Conference of Punjabi Film 'Viyah Kartare Da' Held in New Delhi, Set for 27 February 2026 Release

**Prateek Bhargava**



**New Delhi.** The press conference of the much-awaited Punjabi film Viyah Kartare Da was recently held at PVR Cinema in the capital. Lead actors Gippy Grewal and Nimrat Khaira attended the event and interacted with the media, sharing interesting insights about the film.

Speaking about the project, Gippy Grewal described the film as a wholesome family comedy directed by Sameer Kang. The story revolves around a young man who wishes to marry the girl of his choice, but faces opposition from his family. On the other hand, the girl is hesitant to marry him due to his unemployment. The narrative unfolds through a series of humorous situations that promise to leave audiences in splits.

When asked about playing a police officer in the film and whether it would impact the image of the Punjab Police, Gippy responded confidently that audiences would feel proud after watching the film and would see that the character enhances the dignity of the force.

During the interaction, Nimrat Khaira was asked if she would consider marrying someone like Kartare in real life. She laughingly declined, saying she would not marry such a person. On being asked what causes more stress in Punjabi weddings—budget or relatives—she humorously replied that managing relatives is far more challenging, as there is always at least one displeased family member at every wedding. She added that in real life, she would prefer a partner who is loving and caring. Talking about the current state of Punjabi cinema, Gippy Grewal shared that the industry has grown tremendously over the years. He recalled the early days of his film Carry On Jatta, when resources were limited and promotion was a challenge. Today, Punjabi cinema is expanding globally and reaching audiences across India. He also mentioned that efforts are being made to broaden the reach of Punjabi films in collaboration with Dharma Productions. According to him, Punjabi cinema stands out as one of the few industries offering clean, family-friendly entertainment.

Apart from Gippy Grewal and Nimrat Khaira, the film also stars Prince Kanwaljit Singh, Gurpreet Ghuggi, Deep Sehgal, B.N. Sharma, Hardeep Gill, Inamul Haq and Rupinder Rupi in key roles.

Produced by Dharma Productions, Humble Motion Pictures FZCO and Pitara Talkies, this entertaining Punjabi comedy is slated for a worldwide theatrical release on 27 February 2026.

# Meghalaya's Sanfida Nongrum named in India squad for AFC Women's Asian Cup 2026

**Prateek Bhargava**

**Shillong.** Meghalaya's Sanfida Nongrum has been named in India's 26-member squad that will take part in the AFC Women's Asian Cup 2026 in Australia next month.

Sanfida was part of the Indian team that travelled to Turkey in January for several closed-door friendlies against club sides, and before heading to Australia 10 days ago as India readied itself for the continental competition. She featured in several of those friendlies, but they don't count as international matches. Even getting this far, however, has meant that she has made history as no Meghalayan woman has played for the senior national team yet.

On Friday, she was officially named in the Indian squad by coach Amelia Valverde. Sanfida, known as Polly, is one of six uncapped players in the squad and is among the youngest of her teammates; she and two others are 20 years old.

Commenting on the announcement on social media,



Meghalaya Football Association President Hamleton Dohling described it as a proud moment for the state and a historical moment.

Addressing Sanfida directly, he added, "Your journey, hard work, and belief have brought you here. You carry not just the tricolour but the hopes and dreams of so many young girls back home who now know that this stage is possible. Wishing you strength, confidence, and a tournament to remember."

Placed in Group C, the Blue Tigresses will begin their campaign against Vietnam on March 4 at the Perth Rectangular Stadium at 4:30 pm India time, followed by a meeting against Japan on March 7 at the same time and venue.

The last group stage match will be against Chinese Taipei (Taiwan) on March 10 at the Western Sydney Stadium at 2:30 pm IST.

The top two sides from each group, along with the two best third-placed teams, will progress to the quarterfinals.

The four quarterfinal winners will qualify for the FIFA Women's World Cup 2027 in Brazil. The losing quarterfinalists will contest the playoffs for the two remaining direct spots allocated to the AFC for the World Cup.

The two play-off losers will have another chance of qualifying for Brazil via a playoff tournament.

After a four-week camp in Turkey, India arrived in Perth on February 11.

# Shanaya Kapoor, Adarsh Gourav, Bejoy Nambiar & Aanand L Rai Bring the Tu Yaa Main Vibe to Delhi!




**Prateek Bhargava**

**New Delhi.** Love is truly biting back this Valentine's with Tu Yaa Main. From the industry to audiences and critics alike, everyone can't stop raving about this pulse-pounding survival thriller. Packed with chills and an ever-looming sense of danger, the film keeps you hooked till the very last frame, making it a perfect, unmissable big-screen experience. As the film hit theatres today, the cast, Shanaya Kapoor and Adarsh Gourav, along with director Bejoy Nambiar and producer Aanand L Rai visited Delhi to promote their film. In a show-stopping finale, Adarsh Gourav and Shanaya Kapoor made a dashing bike exit that perfectly wrapped up the event on a high note. Blending romance, adrenaline, and danger with fresh, new-age storytelling, the Bejoy Nambiar directorial, starring Adarsh Gourav and Shanaya Kapoor, promises an experience that will turn an ordinary date into a chilling memory, making it the perfect #DateFright experience for audiences seeking something beyond the usual Valentine's watch. Directed by Bejoy Nambiar, Tu Yaa Main is produced by Aanand L Rai and Himanshu Sharma under the banner of Colour Yellow, along with Vinod Bhanushali and Kamlesh Bhanushali of Bhanushali Studios Limited. The film speaks directly to today's youth, blending raw emotion with edge-of-the-seat storytelling, and is currently running in cinemas near you.

# सवर्ण महासभा का होली मिलन समारोह धूमधाम से हुआ संपन्न

टीबीसी संवाददाता

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नवयुग मार्केट अन्नपूर्णा बैंकट हॉल स्थित विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा/प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन/ सवर्ण महासभा के तत्वाधान में होली मिलन समारोह बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल एवं मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर संस्थाओं के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि होली एक प्रमुख हिंदू धार्मिक पर्व है जो खुशी, आनंद, प्रेम और एकता की भावना को दर्शार्ता है।





यह फागुन मास के शुक्ल पक्ष में मनाया जाता है और इसे विभिन्न नामों से जाना जाता है, जैसे- रंगपंचमी, धुलेंदी और धुलंडी। कुछ लोग इसे रंगों और भांग के इस्तेमाल से आनंद मनाने का त्योहार मानते हैं। लेकिन होली का असली अर्थ वही है जो सनातन धर्म के संतों ने सिखाया है।

होली रंगों का त्योहार है, जिसका उद्देश्य दुनिया में खुशियों के रंग फैलाना है।

यह ऐसा त्योहार है जहाँ लोगों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने बीच के मतभेदों को भुलाकर प्रेम और सम्मान के रंगों में सराबोर हो जाएँ। हिंदी में, 'हो' + 'ली' का अर्थ है यह याद करने का दिन कि अतीत बीत चुका है और हमें उससे आगे बढ़कर एक उज्जवल और शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण करना चाहिए।

यह प्रकृति की सकारात्मकता को अपनाने और रिश्तों से कड़वाहट को दूर करने का दिन है। इस अवसर पर डॉ. सतीश भारद्वाज एडवोकेट,संतोष कुमार उपाध्याय, राजेश कुमार उपाध्याय, सुरेंद्र पल त्यागी, सेवाराम त्यागी, संजय चौहान, वी के अग्रवाल,संदीप सिंघल, विवेक तोमर ,महेश शर्मा, कपिल शर्मा, विनीत कुमार शर्मा,सुभाष शर्मा ,आर सी शर्मा,आर पी शर्मा , मिलन मंडल, श्यामलाल सरकार, केपी सरकार, एन ए तोमर, सुनीता बहल, शीला रानी, आरती सिंह, बीपी सिंह, सुबोधत्यागी, एसपी गुप्ता, सुजीत सिंह, देवाशीष ओझा नरेंद्र मेहता, आदि लोग उपस्थित थे।

## पीएम सूर्य घर योजना में पैनल लगवाकर बने पर्यावरण हितैषी: सीडीओ की अपील


गाजियाबाद। अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी महोदय,गाजियाबाद द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए जनसामान्य से पीएम सूर्य घर योजनांतर्गत सौर्य पैनल लगवाने की अपील की। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत उत्पादन के विभिन्न तरीके है जिनमे कोयला,तेल इत्यादि से वायु प्रदूषण होता है लेकिन सौर्य ऊर्जा



विद्युत उत्पादन का एक ऐसा स्रौत है जिससे किसी भी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता,इसके अतिरिक्त कोयला खदान से जंगल कटान भी होता है जो वह पर्यावरण हितैषी नहीं है। पर्यावरण अनुकूल विद्युत उत्पादन के दृष्टिगत व प्राकृतिक संसाधनों के लगातार दोहन की रोकथाम हेतु भारत सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर योजना की शुरूआत की गई है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि इस योजनांतर्गत भारी सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। एक किलोवॉट के कनेक्शन में जहाँ लगभग 65000 की कुल लागत आती है वहीं इसके अंतर्गत 45000 की सब्सिडी सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है। दो किलोवॉट के कनेक्शन में 130000 की कुल अनुमानित लागत में 90000 की सब्सिडी प्रदान की जा रही है,तीन किलोवाट के कनेक्शन में 180000 की कुल अनुमानित लागत में 108000 की सब्सिडी प्रदान की जा रही है और यह 108000 की सब्सिडी दस किलोवॉट तक के घरेलू कनेक्शन पर प्रदान की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी मदोदय द्वारा बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत लाभ उठाने के लिए पीएम सूर्य योजना के पोर्टल 'नेशनल पोर्टल फॉर रूफटॉप सोलर 'पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।इस योजना के विषय में अधिक जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट कंपाउंड पीओ नेड़ा कार्यालय गाजियाबाद जाकर या कंट्रोल रूम पीएम सूर्य घर योजना गाजियाबाद के मोबाइल नंबर 70653 81846 पर वार्ता करके की जा सकती है।

## टीलामोड़ पुलिस ने जानलेवा हमले के तीन आरोपी दबोचे

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना टीलामोड़ पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की ब्रेजा कार टकराने को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि गाली–गलौज के बाद आरोपियों ने ईंट–पत्थर से सचिन पर हमला कर दिया। जब पीड़ित अपने पति को बचाने पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की गई। आरोपी शादी समारोह में शामिल होने के लिए एमआर बैंकट हॉल जा रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल कार के आगे आने से कहासुनी हुई। आरोप है कि मोहित तोमर ने अपने साथियों स्यराज और कुलवीर सिंह के साथ मिलकर ईंट उठाकर सचिन पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहित तोमर (28 वर्ष) निवासी ग्राम बावली थाना बड़ौत बागपत, स्यराज (61 वर्ष) निवासी ग्राम महावतपुर बावली थाना बड़ौत बागपत तथा कुलवीर सिंह (50 वर्ष) निवासी ग्राम महावतपुर बावली थाना बड़ौत बागपत के रूप में हुई है।



# दुर्घटना की संभावना को न्यून करने एवं रोक लगाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

## सड़कों पर सुरक्षात्मक उपायों में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं: रविंद्र कुमार मॉंदड़

**टीबीसी संवाददाता**



**गाजियाबाद।** जनपद में दुर्घटना की संभावना को न्यून करने एवं रोक लगाने के उद्देश्य, सड़कों को गड्ढा मुक्त एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में जनपद की सड़कों की वर्तमान स्थिति, गड्ढा मुक्ति अभियान, दुर्घटना सम्भावनों पर रोक लगाने की प्रक्रिया की प्रगति तथा शेष कार्यों की समीक्षा की गई।

बताते चलें कि हाल ही में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में एक निमार्णाधीन मॉल के बेसमेंट में जलभराव के कारण हुई मृत्यु की घटना के दृष्टिगत जनपद में निमार्णाधीन मॉल एवं बहुमंजिला भवनों / इमारतों, सडकों पर खुले गढे, तालाब, पोखर/सीवर, क्षतिग्रस्त डिवाइडर, पुल व अन्य सभी प्रकार के दुर्घटना संभावित क्षेत्र आदि को चिन्हित कर सूचना उपलब्ध कराने तथा दुर्घटना की संभावना को न्यून करने के सम्बंध में पूर्व में भी बैठक आयोजित की गई, जिसमें अधोहस्ताक्षरी द्वारा सूचनाएँ उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में यह बैठक आहूत हुई।

बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद की अधिकांश सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जा चुका है। शेष 83 स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां शीघ्र ही मरम्मत कार्य पूर्ण किया जाएगा। कई स्थानों पर टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है तथा शेष स्थानों पर भी निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। चिन्हित 83 स्थानों में लोक निर्माण विभाग - 20 स्थान, नगर निगम गाजियाबाद - 26 स्थान, यूपीसीडा - 5 स्थान, नगर पालिकाएं - 26 स्थान, आवास विकास - 01 स्थान, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण - 05 स्थान हैं। जिलाधिकारी महोदय ने सभी विभागों को स्पष्ट एवं कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों की मरम्मत कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में किसी भी सड़क पर विभागीय लापरवाही के कारण कोई दुर्घटना होती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही संबंधित विभाग की होगी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी विभागों को यह निर्देश दिये गये कि अपने क्षेत्रान्तर्गत पुनः ऐसी जगहों का चिन्हांकन कर लिया जाये जहां दुर्घटना होने की संभावना रहती है तथा उन जगहों पर पर इस प्रकार के पर्याप्त उपाय किये जाये कि इस प्रकार की दुर्घटना किसी भी दशा में न होने पाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी चिन्हित स्थानों पर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाए। साथ ही, जनता से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। बैठक में एडीएम सिटी विकास कश्यप सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और सभी विभागधिकारियों ने जनपद को गड्ढा मुक्त एवं सुरक्षित बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया।

## जीडीए की 171वीं बोर्ड बैठक: चार बड़ी परियोजनाएँ को मिली स्वीकृति




**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जीडीए यानि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 171वीं बोर्ड बैठक आज प्राधिकरण सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रस्तुत सभी 25 एजेंडों पर विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में विशेष रूप से तुलसी निकेतन पुनर्विकास, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, एरोसिटी थीम टाउनशिप तथा हिंडन नदी तटीय तटबंध मार्ग (बंधा रोड) परियोजना को अलग-अलग महत्वपूर्ण प्रस्तावों के रूप में अनुमोदित किया गया।

### तुलसी निकेतन योजना का व्यापक पुनर्विकास स्वीकृत

तुलसी निकेतन योजना में स्थित 288 एलआईजी भवन, 2004 ईडब्ल्यूएस भवन तथा 60 दुकानों की जर्जर अवस्था को दृष्टिगत रखते हुए योजना के समग्र पुनर्विकास का प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बोर्ड ने उत्तर प्रदेश शहरी पुनर्विकास नीति-2026 के प्रावधानों के अनुरूप इस योजना को पीपीपी मॉडल पर पुनर्विकसित करने की सैद्धांतिक एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की। पुनर्विकास के अंतर्गत आधुनिक बहुमंजिला आवासीय परिसर, सुव्यवस्थित पार्किंग, आंतरिक सड़कें, सीवरेज, जलापूर्ति, विद्युत व्यवस्था एवं हरित क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। वर्तमान निवासियों के पुनर्वास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र के ग्राम मोरटी एवं अटौर में संयुक्त उपक्रम के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप क्रिकेट स्टेडियम विकसित करने के प्रस्ताव को बोर्ड ने सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की। प्रस्तावित स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पिच, दर्शक दीघाएं, कॉर्पोरेट बॉक्स, मीडिया सेंटर, पार्किंग एवं अन्य खेल सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यह परियोजना न केवल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि गाजियाबाद को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बोर्ड द्वारा हिंडन नदी के तटीय क्षेत्र में तटबंध (Embankment) निर्माण एवं उसके साथ समांतर 'बंधा' विकसित करने हेतु आवश्यक भूमि अर्जन प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। यह परियोजना बाढ़ नियंत्रण, नदी तट संरक्षण एवं जलभराव की समस्या से राहत प्रदान करने के साथ-साथ एक वैकल्पिक संपर्क मार्ग के रूप में विकसित की जाएगी।



# दुर्घटना की संभावना को न्यून करने एवं रोक लगाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

## सड़कों पर सुरक्षात्मक उपायों में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं: रविंद्र कुमार मॉंदड़

**टीबीसी संवाददाता**



**गाजियाबाद।** जनपद में दुर्घटना की संभावना को न्यून करने एवं रोक लगाने के उद्देश्य, सड़कों को गड्ढा मुक्त एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में जनपद की सड़कों की वर्तमान स्थिति, गड्ढा मुक्ति अभियान, दुर्घटना सम्भावनों पर रोक लगाने की प्रक्रिया की प्रगति तथा शेष कार्यों की समीक्षा की गई।

बताते चलें कि हाल ही में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में एक निमार्णाधीन मॉल के बेसमेंट में जलभराव के कारण हुई मृत्यु की घटना के दृष्टिगत जनपद में निमार्णाधीन मॉल एवं बहुमंजिला भवनों / इमारतों, सडकों पर खुले गढे, तालाब, पोखर/सीवर, क्षतिग्रस्त डिवाइडर, पुल व अन्य सभी प्रकार के दुर्घटना संभावित क्षेत्र आदि को चिन्हित कर सूचना उपलब्ध कराने तथा दुर्घटना की संभावना को न्यून करने के सम्बंध में पूर्व में भी बैठक आयोजित की गई, जिसमें अधोहस्ताक्षरी द्वारा सूचनाएँ उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में यह बैठक आहूत हुई।

बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद की अधिकांश सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जा चुका है। शेष 83 स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां शीघ्र ही मरम्मत कार्य पूर्ण किया जाएगा। कई स्थानों पर टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है तथा शेष स्थानों पर भी निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। चिन्हित 83 स्थानों में लोक निर्माण विभाग झ 20 स्थान, नगर निगम गाजियाबाद झ 26 स्थान, यूपीसीडा झ 5 स्थान, नगर पालिकाएं झ 26 स्थान, आवास विकास झ 01 स्थान, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण झ 05 स्थान हैं। जिलाधिकारी महोदय ने सभी विभागों को स्पष्ट एवं कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों की मरम्मत कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में किसी भी सड़क पर विभागीय लापरवाही के कारण कोई दुर्घटना होती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही संबंधित विभाग की होगी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी विभागों को यह निर्देश दिये गये कि अपने क्षेत्रान्तर्गत पुनः ऐसी जगहों का चिन्हांकन कर लिया जाये जहां दुर्घटना होने की संभावना रहती है तथा उन जगहों पर पर इस प्रकार के पर्याप्त उपाय किये जाये कि इस प्रकार की दुर्घटना किसी भी दशा में न होने पाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी चिन्हित स्थानों पर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाए। साथ ही, जनता से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। बैठक में एडीएम सिटी विकास कश्यप सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और सभी विभागधिकारियों ने जनपद को गड्ढा मुक्त एवं सुरक्षित बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया।

# चौधरी छबील दास पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य आयोजन



**प्रतीक भार्गव**

**गाजियाबाद।** चौधरी छबील दास पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक रोहित गोस्वामी द्वारा फीता काटकर एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर किया गया।

वार्षिक खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिताओं में 50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ आयोजित की गईं, जिनमें छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा नन्हे बच्चों के लिए लेमन स्पून रेस और बनी रेस जैसी रोचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिन्होंने कार्यक्रम में उत्साह और आनंद का माहौल बना दिया। प्रतियोगिताओं के दौरान मैदान में जोश, अनुशासन और खेल भावना देखने को मिली। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनीता सक्सेना, प्रभारी आशा सिंह, स्कूल प्रबंधक पंकज गुप्ता, समन्वयक सोनिका बिष्ट, खेल प्रभारी रजत मलिक, कन्नू एवं विशाल सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और शारीरिक विकास के लिए ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# 2 करोड़ की प्रतिबंधित दवाएं बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** नशे के कारोबार पर लगातार शिकंजा कसते हुए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने अंतर्राज्यीय तस्करी गिरोह के एक सदस्य सौरव त्यागी की लगभग दो करोड़ रुपये की संपत्ति को सीज कर दिया है। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई है, जिसके तहत अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति को चिन्हित कर जब्त किया जाता है। इस संबंध में डीसीपी नगर धवल जायसवाल ने बताया कि आरोपी प्रतिबंधित कफ सिरप की कालाबाजारी और अवैध सप्लाई में शामिल था। जांच में सामने आया कि इन सिरपों का उपयोग नशे के रूप में किया जा रहा था और इन्हें विभिन्न राज्यों में तस्करी कर भेजा जाता था। गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और युवाओं को नशे की लत में धकेलने का काम कर रहा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लगातार निगरानी, तकनीकी सर्विलांस और पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की संपत्तियों की पहचान की गई। इनमें अचल संपत्ति, बैंक खातों और अन्य निवेश शामिल हैं, जिन्हें अब सीज कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम केवल गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि अपराध से अर्जित हर अवैध कमाई पर प्रहार करना उद्देश्य है। हाल ही में गाजियाबाद में नकली दवाओं के कई मामले भी सामने आए हैं। औषधि विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में विभिन्न इलाकों से संदिग्ध दवाओं के जखीरे पकड़े गए। कुछ स्थानों पर बिना लाइसेंस के दवाओं का भंडारण और बिक्री की जा रही थी, जबकि जांच में कई सैंपल फेल पाए गए। अधिकारियों ने बताया कि नकली और प्रतिबंधित दवाओं का यह नेटवर्क स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है, इसलिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रतिबंधित कफ सिरप और नकली दवाओं का अवैध कारोबार युवाओं और आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर सीधा प्रहार है। ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई और जनजागरूकता दोनों की आवश्यकता है।



# जिलाधिकारी ने किया तलहेटा, एनएचएआई का निरीक्षण
# सम्बंधित किसानों को मुआवजा मिलने के बाद ही लिया जाये जमीन पर कब्जा: जिलाधिकारी

**धीरज भार्गव**





**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ द्वारा जनसुनवाई में किसानों से प्राप्त शिकायत के क्रम में, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सड़क किनारे किसानों की भूमि से मिट्टी उठाए जाने तथा उसके समुचित भराव न कराए जाने की बात कही गई थी, आज तलहेटा गांव स्थित दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (फेज-5) का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी महोदय ने पूर्व में ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के प्रबंधक को निर्देशित किया था कि यदि किसानों की भूमि से मिट्टी उठाई गई है तो उसकी गुणवत्ता पूर्ण भरपाई सुनिश्चित की जाए, अन्यथा संबंधित प्रकरण का नियमानुसार निस्तारण किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था कि आवश्यकता पड़ने पर वे स्वयं स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एनएचएआई द्वारा संबंधित स्थलों पर मिट्टी का भराव कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय ने मौके पर उपस्थित किसानों से संवाद कर उनकी अन्य समस्याओं की जानकारी ली। किसानों द्वारा गांव की पैमाइश कराए जाने तथा मुआवजा प्राप्त होने के पश्चात ही भूमि अधिग्रहण किए जाने की मांग रखी गई। इसके अतिरिक्त किसानों ने अन्य मांगें भी जिलाधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी महोदय ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को विधिवत मुआवजा प्रदान किए बिना उनकी भूमि पर कब्जा न लिया जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि नियमानुसार गांव की पैमाइश कराई जाएगी। साथ ही किसानों की अन्य मांगों के संबंध में एनएचएआई के प्रबंधक एवं अभियंताओं से वार्ता कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने मोटरसाइकिल से भी सड़क एवं आसपास के क्षेत्रों का जायजा लिया और कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# पत्रकारों को रेल यात्रा रियायतें बहाल करने की मांग
## राज्यसभा में सांसद नीरज डांगी ने उठाया मुद्दा




**टीबीसी संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद नीरज डांगी ने गत शुक्रवार को सदन में शून्यकाल के दौरान पत्रकारों को कोविड-19 महामारी से पूर्व भारतीय रेल द्वारा दी जाने वाली यात्रा रियायतों को पुनः बहाल करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि महामारी के दौरान अस्थायी रूप से स्थगित की गई यह सुविधा अब तक बहाल नहीं की गई है, जबकि देश में सामान्य परिस्थितियां लौट चुकी हैं और विभिन्न वर्गों को दी गई अन्य रियायतें फिर से लागू हो चुकी हैं।

सांसद डांगी ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में देश के दूर-दराज, दुर्गम और संवेदनशील क्षेत्रों में जाकर जनसमस्याओं, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, आपदाओं और सामाजिक मुद्दों की निष्पक्ष रिपोर्टिंग करते हैं। कई बार उन्हें सीमित संसाधनों और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करना पड़ता है। ऐसे में भारतीय रेल की ओर से दी जाने वाली यात्रा रियायत कोई विशेषाधिकार नहीं, बल्कि उनके दायित्व निर्वहन में सहायक आवश्यक सुविधा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित तभी सुनिश्चित हो सकते हैं जब पत्रकार निर्भय, स्वतंत्र और सुलभ साधनों के साथ कार्य कर सकें। पत्रकारों को यात्रा रियायतों से वंचित रखना उनकी कार्यक्षमता को प्रभावित करता है, विशेषकर छोटे और स्वतंत्र पत्रकारों तथा ग्रामीण एवं क्षेत्रीय मीडिया से जुड़े संवाददाताओं पर इसका अधिक असर पड़ता है। सांसद नीरज डांगी ने केंद्र सरकार से मांग की कि कोविड-19 से पूर्व पत्रकारों को प्रदान की जा रही सभी रेल यात्रा रियायतों को तत्काल प्रभाव से पुनः बहाल किया जाए। साथ ही मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए एक स्पष्ट, पारदर्शी और स्थायी नीति बनाई जाए, ताकि भविष्य में किसी आपात स्थिति के दौरान उनके अधिकारों और सुविधाओं में अनावश्यक कटौती न हो। उन्होंने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि इस नीति का लाभ वास्तविक एवं सक्रिय पत्रकारों तक सरल प्रक्रिया के माध्यम से पहुंचे।

# मेवाड़ में समारोहपूर्वक मनाई गई महर्षि दयानंद जयंती
## विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रमों में महर्षि दयानंद के जीवन व आदर्शों पर डाला प्रकाश




**मनीषा भार्गव**

**गाजियाबाद।** मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि महर्षि दयानंद प्राचीन के साथ अवार्चीन शिक्षा के भी पक्षधर थे। वह चाहते थे कि नौजवानों को भारतीय संस्कारों की शिक्षा दी जानी चाहिए। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। इन्हें अमल में लाना होगा। इन्हें अमल में लाने पर ही विश्व में व्याप्त तमाम विवादों और पाखंडों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद रचित 'सत्यार्थ प्रकाश' पुस्तक लोग एक बार जरूर पढ़ें। इससे आपका आध्यात्मिक व आंतरिक विकास होगा और आप श्रेष्ठ जीवन जीने के हकदार बनेंगे।

उन्होंने महर्षि दयानंद के जीवन चरित्र और उनके आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. गदिया ने कहा कि आज भी हम कुरीतियों, अंध विश्वास व रुढ़ परम्पराओं में जकड़े हुए हैं। आज भी थोथे कर्मकांड के हम शिकार हैं। वर्ण व्यवस्था आज भी कायम है। वर्ष 1875 में आर्य समाज की स्थापना के समय महर्षि दयानंद ने हरिद्वार में पाखंड खंड खंडिनी पताका गाड़कर सभी विद्वानों को शास्त्रार्थ की चुनौती दी। इसमें उन्होंने तमाम अंध विश्वासों व विरोधों को समाप्त कर स्त्री शिक्षा पर जोर दिया। वर्ण व्यवस्था, अंधविश्वास, रुढ़ परम्परा, लोभ, मोह आदि का त्याग करने की बात कही। डॉ. गदिया ने कहा कि स्वामी दयानंद महिलाओं के विकास के प्रबल पक्षधर थे। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी महापुरुषों की जयंतियों से प्रेरणा लें। 200 साल बाद भी जो कुरीतियां आज भी जीवित हैं उनका समूल नाश होना चाहिए। तभी नये और संगठित राष्ट्र की कल्पना की जा सकती है। स्वामी दयानंद ने कर्म को प्रधानता दी। वेदों की ओर लौटने का अभियान चलाया। 200 साल बाद भी उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। समारोह की शुरूआत मां सरस्वती, भारत माता व स्वामी दयानंद सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर व पुष्प अर्पित करके हुई। इस मौके पर विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, भजन, समूह गान, सम्भाषण, आर्य समाज के नियम, दयानंद के प्रवचन, कविता, नाटिका, स्लोगन आदि प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

# बैंक ऑफ इंडिया की सीएसआर पहल : गांधी नगर विद्यालय में वाटर कूलर स्थापित, छात्रों को पुरस्कार व बैग वितरित

**प्रतीक भार्गव**



**गाजियाबाद।** बैंक ऑफ इंडिया की गाजियाबाद जिले की शाखाओं द्वारा सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत एक सराहनीय सामाजिक पहल की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अनुभव गोपाल जी एवं बैंक के सहायक महा प्रबंधक मानिक जी के नेतृत्व में कम्पोजिट विद्यालय गांधीनगर में विद्यार्थियों की सुविधा हेतु वाटर कूलर स्थापित कराया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रगति एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ पुरस्कार एवं स्कूल बैग भी वितरित किए गए। बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि, प्रधानाध्यापक महोदया एवं शिक्षकों ने बैंक ऑफ इंडिया की इस सामाजिक जिम्मेदारी की सराहना करते हुए इसे शिक्षा और बाल विकास के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल से विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिलती हैं और उनके मनोबल में वृद्धि होती है।

इस मौके पर मुख्य प्रबंधक राजेश सिंह, विनायक, भूषण झा, वरिष्ठ प्रबंधक श्रीमती मधुरिमा द्विवेदी, नमन गुप्ता एवं अधिकारी पूजा जैन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी बहुजन समाज पार्टी, गाजियाबाद में हुई अहम बैठक

**टीबीसी संवाददाता**



**गाजियाबाद।** बहुजन समाज पार्टी के गाजियाबाद जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष मनोज जाटव के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में छह जिलों के जिलाध्यक्षों एवं पदाधिकारियों ने भाग लेकर संगठनात्मक मजबूती पर मंथन किया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा मतदाता संपर्क अभियान को तेज करने पर विशेष जोर दिया गया। नेताओं ने स्पष्ट किया कि चुनावी सफलता के लिए जमीनी स्तर पर मजबूत संरचना और निरंतर जनसंपर्क बेहद आवश्यक है। बैठक में मेरठ के जिला अध्यक्ष मोहित जाटव, हापुड़ के जिला अध्यक्ष ए.के. कर्दम, गौतम बुद्ध नगर के जिला अध्यक्ष लखमी, बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष रविंद्र गौतम, गौतम बुद्ध नगर के जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह भाटी सहित मनोज कुमार तिलकधारी, संजय एडवोकेट, आनंद सिंह, चंद्रेश एडवोकेट, लेखराज बौद्ध और चतर सिंह मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष मनोज जाटव ने कहा कि पार्टी आगामी चुनाव पूरी मजबूती, अनुशासन और संगठनात्मक एकजुटता के साथ लड़ेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे क्षेत्रवार रणनीति बनाकर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएं। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर चुनाव में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया।

# जनसुनवाई, आईजीआरएस सहित अन्य के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का करें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण: जिलाधिकारी

## लंबित प्रकरणों पर विभागीय अधिकारियों की होगी जवाबदेही तय: रविन्द्र कुमार माँदड़

**टीबीसी संवाददाता**





**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री मंशानुरूप एवं शासन द्वारा प्राप्त निदेशानुसार हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं। कोई भी किसी गरीब, असहाय व बेबस व्यक्ति को परेशान या पीड़ित करता है तो सम्बंधित के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएं। प्रत्येक जन के विकास एवं जनपद के विकास में सभी अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य करें।

जिलाधिकारी महोदय ने बताया कि जनता के हित एवं अधिकारों को ध्यान में रखते हुए मा0सीएम स्तर से जनता दर्शन के दौरान अधिकारियों की मॉनिटरिंग की जा रहें। इसी क्रम में इस कार्य में और अधिक पारदर्शिता और गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से मेरे द्वारा सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों की जनसुनवाई के समय मॉनिटरिंग की जा रही है, इस दौरान सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक सभी अधिकारी अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसुनवाई करेंगें और मेरे साथ जूम एप रहेंगे, जिससे जनता दर्शन में आए प्रार्थियों/ आवेदकों/ शिकायतकताओं की समस्या का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा सके। जनता दर्शन में निरंतर प्राप्त होने वाली शिकायतों, समस्याओं और निवेदनों दिव्यांगजन कल्याण विभाग, शस्त्र लाईसेंस (विरासत), नियोजन विभाग (फैमिली आईडी), यू0पी0नेडा, पीएम सूर्य घर योजना, अवैध कब्जा/भूमाफियाओं के खिलाफ अभियान आदि के निस्तारण एवं निवारण के क्रम में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा आवश्यक दिशा–निर्देशित दिए गये। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि उक्त सभी कार्य युद्ध स्तर पर किये जाएं, उक्त से सम्बंधित किसी भी व्यक्ति को असुविधा का सामना ना करना पड़ें। ऐसा कोई भी कार्य बर्दाश्त नहीं किया जायेगा जिससे सरकार की छवि धूमिल हो। अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएं। जनता का उत्पीड़न किसी भी रूप में क्षमा योग्य नहीं हैं। जनता दर्शन के दौरान एक महिला श्रीमती दीपा निवासी लालकुंआ द्वारा जिलाधिकारी महोदय से प्रार्थना की गयी कि उसको गठिया बाय और पैरों में पानी भर गया है, कृपया कर उसका ईलाज कराने में उसकी मद्द की जाएं। जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने सीएमओ गाजियाबार को सम्पर्क कर निर्देशित किया उक्त महिला का गुणवत्तापूर्ण ईलाज कराया जाएं। उसके बाद स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी के साथ महिला को बेहतर उपचार के लिए भेजा गया। महिला ने जिलाधिकारी महोदय को कोटि–कोटि धन्यवाद दिया। जनता दर्शन के दौरान सिकरानी लोनी निवासी श्री प्रदीप जब जिलाधिकारी महोदय के सम्मुख आया तो जिलाधिकारी महोदय ने उससे उसकी परेशानी पूछी, उक्त व्यक्ति ने कहा सर अब कोई परेशानी नहीं है। इस पर जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि तो आप किस कार्य से आए हैं। श्री प्रदीप ने बताया कि महोदय मै आपके पास अपनी समस्या लेकर आया था कि मेरी जमीन पर कुछ दबंगों द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है, मै इस समस्या से पिछले 20 वर्षों से परेशान था, मै पुलिस और तहसील के चक्कर लगाते हुए परेशान था, तब किसी ने आपसे मिलने के लिए कहा और यह भी कहा कि आपके संज्ञान में परेशान आने पर उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो जायेगा और इसी क्रम में आपके पास आया और कुछ ही दिनों में आपके निदेशों के क्रम में नियमानुसार पूर्ण गुणवत्ता व पारदर्शिता के साथ मेरे समस्या का निस्तारण हो गया, जिसके लिए मै आपको कोटि–कोटि धन्यवाद प्रेषित करता हूं। जिलाधिकारी ने कहा यदि किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी हो तो वह हमसे आकर मिले हम उसकी शिकायत का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें। उस व्यक्ति ने कहा कि मै सभी से कहूंगा कि साहब गरीब, असहायों की मदद करतें है, एक बार उनसे जरूर मिलें।

जनसुनवाई के दौरान एडीएम एल/ए श्री अवनीश, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# महापौर तथा नगर आयुक्त ने सदन तथा कार्यकारिणी कक्ष का किया लोकार्पण

## पार्षदों ने सुंदर और सुविधाजनक सदन कक्ष देख महापौर तथा नगर आयुक्त का किया धन्यवाद








**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में सदन कक्ष तथा कार्यकारिणी कक्ष का जीर्णोद्धार कराया गया जिसका लोकार्पण महापौर सुनीता दयाल द्वारा किया गया।

मौके पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, समस्त निगम के पार्षद व अधिकारी गण भी उपस्थित रहे, सदन कक्ष में 100 पार्षदों की बैठने की अच्छी व्यवस्था, अधिकारियों के बैठने की समुचित व्यवस्था कराई गई। पार्षदों ने निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को धन्यवाद किया। नगर आयुक्त द्वारा सभी पार्षदों को शुभकामनाएं दी गई साथ ही बताया गया आग लगने के बाद पूर्ण रूप से सदन कक्ष खराब हो गया था, इलेक्ट्रिक की वायर भी जल गई थी जिनको बदल गया है सदन कक्ष को नया स्वरूप दिया गया है।

फर्नीचर से लेकर ए सी भी नए लगाए गए हैं, सदन कक्ष का इलेक्ट्रिक पैनल भी अलग किया गया है, सदन में अग्नि संयंत्र भी लगाए गए हैं, सदन कक्ष के साथ-साथ माननीय कार्यकारिणी कक्ष भी सुविधाजनक बनाया गया है।

महापौर द्वारा बताया गया 57 लाख से कार्यकारिणी कक्ष तथा 75 लाख से सदन कक्ष का जीर्णोद्धार किया गया पार्षदों द्वारा बैठने की सुविधा को बेहतर बनाया गया जहां से पूरे शहर के विकास की बात होती है उसे स्थान को सुविधाजनक बनाया गया है पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था की गई है।

पार्षदों तथा अधिकारियों के लिए बहुत ही सुविधाजनक कक्ष तैयार किए गए हैं महापौर द्वारा निर्माण विभाग की टीम का भी उत्साहवर्धन किया गया, कार्यक्रम में माननीय पार्षदों के साथ-साथ समस्त निगम अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस पर बाल मित्र केंद्र पर आयोजन






**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** "अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस" के अवसर पर समाधान अभियान संस्था एवं इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में 'चुप्पी तोड़; हल्ला बोल' परियोजना के अंतर्गत बाल मित्र केंद्र पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत लैंगिक शोषण से प्रभावित बच्चों, उनके परिजनों एवं सेवा बस्ती की महिलाओं को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप स्कूल बैग वितरित किए गए। और सेवा बस्ती की महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रभावित परिवारों को सामाजिक न्याय के महत्व से अवगत कराना तथा समाज में उनकी गरिमापूर्ण और महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में साहिबाबाद थाने से साइबर क्राइम इंस्पेक्टर श्री रविराज सिंह एवं मिशन शक्ति प्रमुख श्रीमती चंद्र रेखा जी उपस्थित रहीं।

साथ ही समाधान अभियान संस्था की संस्थापिका श्रीमती अर्चना अग्निहोत्री, प्रबंधक श्रीमती दीपा रानी तथा श्री दिव्यांशु जायसवाल ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम का समापन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं सामाजिक न्याय के प्रति सामूहिक संकल्प के साथ किया गया।

# आरएचएएम फाउण्डेशन ने रोटरी क्लब के साथ मिलकर बांटे सेनेटरी पैड

**मनीषा भार्गव**





**गाजियाबाद।** आरएचएएम फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी के संयुक्त तत्वावधान में अशियाना होम में मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता एवं सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य संसाधन उपलब्ध कराना था।

कार्यक्रम के दौरान लगभग 600 सेनेटरी पैड अशियाना होम में रह रही बालिकाओं को वितरित किए गए। इसके साथ ही विशेषज्ञों एवं सामाजिक कार्यकताओं द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों एवं इससे जुड़ी भ्रांतियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि स्वच्छता अपनाने से किस प्रकार संक्रमण से बचाव संभव है और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलता है।

आरएचएएम फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के कमजोर एवं वंचित वर्ग तक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी सेवाओं को पहुंचाना है। वहीं रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी के प्रतिनिधियों ने कहा कि महिलाओं और किशोरियों का स्वास्थ्य सशक्त समाज की नींव है, और इसी सोच के तहत यह अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया। अशियाना होम के प्रबंधन ने इस सहयोग के लिए आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी का आभार व्यक्त किया और इसे बालिकाओं के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस प्रकार के सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रयास न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# आरएचएएम फाउंडेशन (रहम) एवं रोटरी क्लब हापुड इलाइट ने टीबी मरीजों को बांटी पोषण आहार पोटली



**प्रतीक भार्गव**





**नोएडा।** आरएचएएम फाउंडेशन (रहम) एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से भंगेल सीएचसी सेंटर में 25 क्षय रोग (टीबी) मरीजों को निःशुल्क पोषण आहार वितरित किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व रोटरी क्लब हापुड इलाइट ने किया। सहयोगी क्लबों में रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफ्रन, इंदिरापुरम गैलोर, इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद सनरेज, गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, दिल्ली लेगेसी, सोनीपत एजुकेशन सिटी, दिल्ली प्रीत विहार और हापुड़ प्लेटिनम शामिल रहे। यह पहल टीबी मरीजों को नियमित रूप से साप्ताहिक एवं मासिक पोषण सहायता प्रदान करने की एक सतत परियोजना का हिस्सा है। अब तक इस अभियान के अंतर्गत नोएडा जनपद में लगभग 3,600 टीबी मरीजों को गोद लिया जा चुका है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. यातेंद्र सिंह (एमओआईसी), डॉ. धीरज के. भार्गव (चेयरमैन एवं संस्थापक, RHAM फाउंडेशन), आरटीएन राजेश गोयल (अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लिगेसी) एवं आरटीएन अजय चौधरी (रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लिगेसी) उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विक्रम, अंबुज पांडेय, पवन भाटी, रजनीश एवं श्री भाटी सहित अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि टीबी मरीजों को उपचार के साथ-साथ उचित पोषण मिलना अत्यंत आवश्यक है, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़े और वे शीघ्र स्वस्थ हो सकें। अंत में आरएचएएम फाउंडेशन एवं रोटरी परिवार ने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए भविष्य में भी जनस्वास्थ्य एवं टीबी उन्मूलन के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# रहम ने दिव्यांग को भेंट की व्हीलचेयर



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आरएचएएम फाउण्डेशन (रहम) की ओर से सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाते हुए एक दिव्यांग व्यक्ति को व्हीलचेयर प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर बनाना और उनकी दैनिक आवाजाही को सुगम बनाना है।

संस्था के फाउण्डंडर एवं चेयर धीरज भार्गव ने बताया कि व्हीलचेयर मिलने से लाभार्थी को आने-जाने में सुविधा होगी, जिससे वह अपने कार्य स्वयं कर सकेगा और सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग ले पाएगा। फाउंडेशन के सदस्यों ने कहा कि समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों की सहायता करना संस्था की प्राथमिकता है। भविष्य में भी इस प्रकार के सहयोगात्मक कार्य निरंतर जारी रहेंगे, ताकि जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई जा सके और उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने में सहयोग मिल सके। इस अवसर पर मनीषा भार्गव, प्रीतक भार्गव, संजय, विक्रम आदि मौजूद रहे।




गाजियाबाद (टीबीसी)। आरएचएएम फाउंडेशन एवं रोटरी क्लबों के संयुक्त तत्वावधान में अशियाना होम में मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता एवं सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

Printed and Published by Manisha Bhargava at Nutan Offset Printing Press, House N.o- 9, Maliwara, Ghaziabad. 201001 and Published at Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.). **Editor:** Manisha Bhargava, **Sub Editor:** Dheeraj Kumar** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** 101248 (UPBIL/2009/28691), **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Mob. 98105 22380, 98718 95198. Responsible for selection of News under the PRB Act.
Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.